an>

Title: Need to reopen the Kanpur Sugar Works Ltd. at Padrauna in Kushi Nagar Parliamentary Constituency in Uttar Pradesh.

श्री राजेश पाण्डेय (कुशीनगर): माननीय अध्यक्ष महोदाया, आपने मुझे एक अत्यन्त महत्वपूर्ण विषÂाय पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

महोदया, आज मैं जिस शुगर फैक्ट्री के पुनर्संचालन के विÂषय में अपना पक्ष रखना चाहता हूं, इसमें यह बताना महत्वपूर्ण है कि हमारे देश के यशस्वी प्रधान मंत्री भी उस फैक्ट्री के बन्द होने पर अपनी गंभीर चिन्ता व्यक्त कर चुके हैं। इसके साथ ही साथ मैं इस मंत्रालय को अनेकों पत्र लिख चुका हूं। इसके साथ-साथ मैं माननीय मंत्री जी एवं उनके संबंधित अधिकारियों के साथ कई बैठकें भी कर चुका हूं।

महोदया, मैं जब भी अपने निर्वाचन क्षेत्र में जाता हूं, तो एक ही यक्ष प्रश्न बार-बार सामने आता है कि पडरौना शुगर मिल कब चलेगी-पडरौना शुगर मिल कब चलेगी। यहां यह उल्लेख करना भी आवश्यक है कि कुशीनगर जनपद में इस मिल से 5 लाख गन्ना किसान सीधे-सीधे जुड़े हुए हैं और वे सब से सब इस बात को जानते हैं कि इसका स्वामित्व भारत सरकार के कपड़ा मंत्रालय के पास है। वह फैक्ट्री पूरी तरह से चलाए जाने के योग्य है और कपड़ा मंत्रालय द्वारा इसे न चलाए जाने का कोई औचित्य दिखाई नहीं देता है। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी भारत सरकार के कपड़ा मंत्रालय की है।

मान्यवर अध्यक्ष महोदया, मैं आदरणीय संतोÂष कुमार गंगवार जी, जो भारत सरकार में वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री हैं, उन्हें इस बात के लिए बधाई देना चाहता हूं कि मेरे अनुरोध पर उन्होंने नैशनल शुगर इंस्टीट्यूट, कानपुर के एक्सपर्ट्स को इस फैक्ट्री का आकलन करने के लिए भेजा कि यह फैक्ट्री चलने लायक है कि नहीं। …(व्यवधान)…

माननीय अध्यक्ष महोदया, अब रिपोर्ट आ गई है और वह फैक्ट्री साधारण खर्च में पूरी तरह से चलने योग्य है। यह वहां के मजदूरों और गन्ना किसानों के लिए आर्थिक रीढ़ का काम करती है। अब हमारे मंत्रालय के पास सिर्फ दो विकल्प बचे हैं, या तो अपनी जमीन और फैक्ट्री का मूल्य मिलाकर 350 करोड़ रुपए की सम्पत्ति को कालान्तर में क्षय होने के लिए छोड़ देना या फिर उस फैक्ट्री को साधारण खर्च में संचालित कर के वहां के गन्ना किसानों, वहां के मजदूरों और व्यवसाइयों के भविÂष्य को हमेशा-हमेशा के लिए सुरक्षित कर देना।

मान्यवर अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से, आज माननीय मंत्री जी और मंत्रालय से यह मांग करता हूं कि कुशीनगर जनपद के संपूर्ण आर्थिक विकास के लिए इस फैक्ट्री को चलाए जाने की घोÂषणा तत्काल किया जाना बहुत आवश्यक है। बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री राजेश पांडे, माननीय सांसद द्वारा उठाए गए विÂषय से सर्वश्री चन्द्र प्रकाश जोशी, सुधीर गुप्ता, आलोक संजर, भैरोंप्रसाद मिश्र एवं *m07 कुंवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल अपने आपको सम्बद्ध करते हैं।

…(व्यवधान)…

माननीय अध्यक्ष : आप कृपया शान्त रहिए और अपने-अपने स्थानों पर बैठिए। …(व्यवधान)…सदन के बाहर दिए गए हर भाÂषण का जिक्र यहां नहीं होता है। इसलिए please you go to your seats. No. I am sorry.

â€¦*(Interruptions)*

HON. SPEAKER: Please go back to your seats.

...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Only what Shri Rameswar Teli says will go on record.

...(*Interruptions*)â€¦ *